हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, शुक्रवार 3 अप्रैल 2026



तापमान

अधिकतम 31 डिग्री
न्यूनतम 16.0 डिग्री



मुख्य न्यायाधिपति ने वर्चुअल माध्यम से किया जिला एवं अपर सत्र न्यायालय का उद्घाटन



## खबर संक्षेप



### पांच दिवसीय नाम यज्ञ 24 पहरी महामंत्र का आयोजन

**रायगढ़।** ग्राम धनुहार डेरा में भव्य नाम यज्ञ महामंत्र का आयोजन किया जा रहा है। इस धार्मिक आयोजन की शुरुआत 1 अप्रैल को कलश यात्रा के साथ विधिवत रूप से की गई है। जबकि 5 अप्रैल रविवार को नाम यज्ञ का समापन होगा। आयोजन के दौरान गांव में प्रतिदिन भक्ति और धार्मिक कार्यक्रमों की धूम रहेगी। समापन दिवस पर गांव में भव्य नगर भ्रमण एकीर्तन भी किया जाएगा जिसमें श्रद्धालु बढ़.चढ़कर हिस्सा लेंगे। इस धार्मिक आयोजन में आसपास के क्षेत्रों से 50 से अधिक कीर्तन मंडलियां शामिल होकर भक्ति गीत और कीर्तन प्रस्तुत करेंगी। पूरे पांच दिनों तक ग्राम धनुहार डेरा का माहौल पूरी तरह भक्ति और श्रद्धा से सराबोर रहेगा।

### उर्वरक निगरानी के लिए बनाया गया कंट्रोल रूम

**रायगढ़।** किसानों को निर्धारित दर पर गुणवत्तापूर्ण उर्वरक समय पर उपलब्ध कराने तथा उर्वरकों के विक्रय एवं वितरण की सतत निगरानी तथा किसान कॉल सेंटर टो फ्री नंबर पर किसानों से प्राप्त शिकायतों का निराकरण के लिए उप संचालक कृषि द्वारा जिला स्तरीय कंट्रोल रूम का बनाया गया है। इस कंट्रोल रूम के माध्यम से किसानों से प्राप्त शिकायतों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया जाएगा। जारी आदेश के अनुसार उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 के तहत उर्वरकों के भंडारण, वितरण एवं विक्रय पर निगरानी रखी जाएगी तथा कालाबाजारी, जमाखोरी, अमानक उर्वरकों एवं अधिक मूल्य पर विक्रय जैसी गतिविधियों पर नियंत्रण किया जाएगा।

### महिलाओं ने खड़ा किया खुद का रोजगार

**रायगढ़।** कभी सीमित संसाधनों में जीवन यापन करने वाली लैलूंगा विकासखण्ड के ग्राम.चोरंगा की महिलाएं आज आत्मनिर्भरता की मिसाल बन चुकी हैं। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान से जुड़कर संतोषी स्व.सहायता समूह की महिलाओं ने न केवल अपने हुनर को पहचाना, बल्कि उसे आय का मजबूत साधन भी बना लिया है। करीब चार साल पहले समूह से जुड़ी इन महिलाओं ने छोटे स्तर से शुरुआत की थी, लेकिन आज वे विभिन्न प्रकार के उत्पाद तैयार कर बाजार में अपनी पहचान बना रही हैं। इस वर्ष से उन्होंने अपने काम को और विस्तार देते हुए गाय के दूध से घी, खोवा और पनीर बनाना शुरू किया है, जिससे उन्हें हर महीने अच्छी आमदनी हो रही है।

### अग्निवीर सेना में भर्ती के लिए आवेदन की तिथि बढ़ी

**जांजगीर-चांपा।** भारतीय थल सेना कार्यालय द्वारा अग्निवीर में भर्ती हेतु आवेदन की प्रक्रिया प्रारंभ की गई है। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि पहले ऑनलाइन आवेदन एवं पंजीयन हेतु 1 अप्रैल की समयसीमा निर्धारित की गई थी। जिसमे वृद्धि करते हुए आवेदन अब 10 अप्रैल तक आमंत्रित किया गया है। यह अधिसूचना भारतीय सेना के आधिकारिक वेबसाईट पर भी उपलब्ध है। इस प्रक्रिया के अंतर्गत अग्निवीर कैटेगरी (पुरुष) में जनरल ड्यूटी, तकनीकी, लिपिक, स्टोर कीपर ट्रेडमैन (दसवीं), ट्रेडमैन (आठवीं) अग्निवीर (महिला) सेना पुलिस तथा स्थाई कैडर में नर्सिंग सहायक, सिपाही फार्मा, हवलदार सेना शिक्षा तथा धर्म शिक्षक के लिए पंजीकरण किया जा रहा है। इच्छुक तथा योग्य पुरूष अथवा महिला उम्मीदवार वेबसाइट पर उपलब्ध विभिन्न पदों की अर्हता के अनुसार आवेदन कर सकते है।

## बैंगलूरू से दो आरोपी गिरफ्तार, भारत-दुबई से संचालित हो रहा था साइबर ठगी का काला कारोबार

# दुबई से जुड़ा ऑनलाइन नेटवर्क, रिटायर्ड गुरुजी से ठग लिए 23 लाख 28 हजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

डिजिटल ठगों ने पूरे देश में अपना साम्राज्य खड़ा कर लिया है। इसका खुलासा पुसौर पुलिस द्वारा दुबई से संचालित एक अंतर्राष्ट्रीय साइबर गिरोह के पकड़ में आने से हुआ है। इस ठगों के गिरोह का नेटवर्क छत्तीसगढ़ के लोगों को भी शिकार बना रहा है। इसमें पुसौर ब्लॉक के एक रिटायर्ड गुरुजी ठगी का शिकार हो गए हैं। गुरुजी से ठगों ने सीबीआई अधिकारी का डर दिखाकर 23 लाख 28 हजार अपने गिरोह के अलग-अलग बैंक खातों में जमा करा लिया। उनको सीबीआई की जांच पूरा होने के बाद राशि लौटाने का झांसा देकर ठग लिया गया। जब गुरुजी ने अपने बेटे को इसकी जानकारी तो उनको ठगी का एहसास हुआ और पुसौर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई। पुलिस ने एक-एक कड़ी जोड़ते हुए भारत-दुबई से संचालित हो रहे साइबर ठगी के काले कारोबार करने वाले दो आरोपियों को बैंगलूरू गिरफ्तार किया गया है। वहीं आरोपियों के बैंक खाते में जमा राशि करीब 17 लाख होल्ड कराई गई है।

**खास बात**

- आरोपियों के बैंक खाते में जमा राशि करीब 17 लाख कराई गई होल्ड

पुलिस ने बताया कि 11 नंवबर को पुसौर क्षेत्र के ग्राम जतरी निवासी गरुण सिंह पटेल पिता स्व. पदुम लाल पटेल 72 द्वारा साइबर फ्रॉड की रिपोर्ट दर्ज कराया गया। पीड़ति ने बताया कि वह रिटायर्ड टीचर है। 10 अक्टूबर 2025 को तीन अलग-अलग मोबाइल नंबरों से अनजान व्यक्ति का कॉल आया । जिसने गरूण पटेल को सीबीआई अधिकारी बताया और कहा गया कि मुंबई में आपके नाम से खाता खोला गया है। आपके खाते की जांच होगी, सहयोग किजिए। उनसे कहा कि हमारी बातों को गोपनीय रखना है, नहीं तो आपकी गिरफ्तारी हो जाएगी। आरोपियों ने आपके खाते की राशि की जांच होगी कहते हुए पहले तो डराया, धमकाया। फिर राशि को सीबीआई अकाउन्ट बताकर गरूण पटेल को उसके बैंक खातों की रकम उनके बैंक खातों में डालने के लिए कहा गया और यह भरोसा दिलाया कि जांच के बाद प्रमाणित कर रकम वापस कर दिया जाएगा। ठगों के बातों से डरकर गरूण पटेल ने यूपीआई पेटीएम और आरटीजीएस के माध्यम से 25 से 29 अक्टूर 2025 के बीच 12 किस्तों में 23 लाख 28 हजार 770 आरोपियों के विभिन्न खातों में जमा कर दिया गया। उसके बाद भी आरोपी पीड़ति को व्हाटसअप में मनी लॉड्रिंग केस में फंसाने की धमकी दे रहे थे। तब 30 अक्टूबर को पीड़ति ने अपने बेटे को घटना की जानकारी दी। जिसने साइबर ठगी होना बताया और फिर पुसौर थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी।



### पुलिस ने शुरु की तकनीकी जांच

पुसौर पुलिस ने अज्ञात मोबइल नंबर के धारकों के खिलाफ धारा 318,4, 66, के तहत अपराध दर्ज किया गया। पुलिस ने तकनीकी जांच शुरू की। पुलिस द्वारा पीड़ति के सेन्टल बैंक से हुए ट्रांजेक्शन, संदिग्ध यूपीआई आइडी, एनईएफटी, आरटीजीएस के डिटेल, आरोपियों के मोबाईल नम्बर एवं खाता नम्बर का केवायसी डिटेल निकाला गया। गहरी जांच पड़ताल के बाद आरोपियों के बैंगलूरू कर्नाटका में होने की जानकारी मिली। टीआई के साथ एक विशेष टीम बैंगलूरू रवाना किया गया। पुलिस दो आरोपियों विग्नेश प्रकाश और स्टीफन थॉमस को बैंगलूरू के अलग-अलग स्थानों से पकड़ा। जिनके खातों में पीड़ति रिटायर्ड टीचर के खातों से रुपए ट्रांसफर हुए थे। पुलिस ने दोनों आरोपियों को बैंगलूरू न्यायालय में पेश ट्रांजिट रिमांड लेकर रायगढ़ लाया गया।

### बैगलुरु के बाद दुबई से संचालन

गिरफ्तार आरोपी विग्नेश पी लेबर एजेंट है, दुबई में इसकी मुलाकात फिरोज खान उर्फ डॉम्निक से हुई । आरोपी विग्नेश पी ने बताया कि फिरोज खान उर्फ डॉम्निक पहले बैंगलूरू में रहता था, लेकिन काफी सालों से दुबई में रह रहा है। फिरोज दुबई में वीजा का काम देखता है, भारत व अन्य देशों से दुबई आने वालों के डाक्यूमेंट लेकर उसका गलत इस्तेमाल करता है। प्रारंभिक जांच में पीड़ति गरूण पटेल द्वारा विग्नेश पी के खाते में 4 लाख 20 हजार भेजने की जानकारी मिली। आरोपी विग्नेश पी के बैंक खाते में 17 लाख से अधिक पाया गया जिसे होल्ड कराया गया है, वहीं आरोपी स्टीफन थॉमस ने 6 लाख ठगी किया । आरोपियों को धोखाधड़ी के अपराध में गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है । पकड़े गए आरोपी विग्नेश पी पिता ए प्रकाश 29 निवासी 4/1 15 कॉस 4 मेन रोड सम्पन्न गिरीनगर बैगलोर साउथ विलसन गार्डन बैंगलोर कर्नाटका वर्तमान पता श्रीनिवासा कॉलोनी 33 सुदामा नगर बैगलूरू कर्नाटका, स्टीफन थॉमस पिता 54 मकान नंबर 24, 3 कॉस 4 मेन, थाना सुब्रमण्यम नगर, बैंगलूरू कर्नाटका शामिल है।

## भौतिक बीटीआर व्यवस्था समाप्त कर ई. बीटीआर प्रणाली लागू

**रायगढ़।** संचालनालय कोष एवं लेखाए छत्तीसगढ़ द्वारा राज्य के कोषालयों में जमा होने वाले चालानों की प्रक्रिया को और अधिक सरल, पारदर्शी एवं ऑनलाइन बनाने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। राज्य में पूर्व से ई.व्हाउचर व्यवस्था लागू है। इसी क्रम में अब 01 अप्रैल 2026 से भौतिक बीटीआर बैंक ट्रेजरी रिसीप्ट, प्रणाली समाप्त कर ई.बीटीआर प्रणाली पूर्णतः लागू की गई है।

जिला कोषालय अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि अब डीडीओ द्वारा कोषालय उप कोषालय में भौतिक बीटीआर प्रस्तुत करने के स्थान पर ऑनलाइन ई.बीटीआर जनरेट कर संबंधित कोषालय को ऑनलाइन ही प्रेषित किया जाएगा। कोषालय अधिकारी द्वारा साइबर ट्रेजरी में उपलब्ध विकल्प के माध्यम से ई.बीटीआर को संबंधित डीडीओ को अग्रेषित किया जाएगा। इस नई व्यवस्था में किसी भी प्रकार की राशि जमा करने के लिए ई.पेरोल ई.बिल सॉफ्टवेयर से ई.बीटीआर नंबर जनरेट किया जाएगा, जिससे डुप्लीकेट बीटीआर नंबर की समस्या समाप्त होगी तथा पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन एवं पारदर्शी हो जाएगी।

## जगन्नाथ मंदिर पहुंचे सीएम, पूजा अर्चना कर मांगी सुख समृद्धि और खुशहाली



**रायगढ़।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय रायगढ़ प्रवास के दौरान राजापारा स्थित भगवान जगन्नाथ मंदिर पहुंचे। यहां उन्होंने विधिवत पूजा अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। मुख्यमंत्री श्री साय उत्कल सांस्कृतिक सेवा समिति रायगढ़ द्वारा आयोजित उत्कल दिवस एवं वार्षिकोत्सव स्नेह सम्मेलन में शामिल होने पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने उत्कल समाज द्वारा निर्मित प्रभु जगन्नाथ मंदिर में दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर झारसुगुड़ा विधायक टंकाधर त्रिपाठी, रायपुर उत्तर विधानसभा क्षेत्र के विधायक पुरंदर मिश्रा, महापौर जीवर्धन चौहान सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक एवं उत्कल समाज के प्रमुखजन उपस्थित रहे।

## ट्रेजरी में बिल तो बढ़ा, लेकिन विभागों के खर्च का हिसाब नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

इस बार सर्वर की समस्या से कोई बिल रुके इसके पहले ही एकाउंट खाली कर दिया गया था। याने 27 मार्च को ही ट्रेजरी में लगे पूरे बिल पास कर दिया गया था। वहीं मार्च क्लोजिंग के बाद कौन विभाग कितना खर्च किया इसकी जानकारी नहीं मिलती है। कारण ट्रेजरी का साफ्टवेयर ही ऐसा तैयार किया गया है कि उसमें बिल की संख्या तो नजर आएगी, लेकिन खर्च का हिसाब दिखेगा नहीं। ऐसे में जिले में कितना खर्च हुआ इसकी जानकारी पूरा एकाउंट तैयार होने के बाद ही पता चल सकता है।

मार्च में पूरा बजट खत्म करने के लिए विभागों द्वारा कई तरह के फंडे अपनाए जाते हैं। सबकुछ ऑनलाइन होने के बाद भी इस तरह के खेल पर अंकुश नहीं लग रही है। इस साल मार्च क्लोजिंग के पहले पूरे विभागों का बिल पास हो गया था। मार्च के आखिरी में सर्वर की समस्या होती है। इसके कारण इस साल ट्रेजरी में समय पर बिल जमा कराने के बाद पूरा बिल पास कर दिया गया था। हालांकि कौन विभाग कितना खर्च किया है इसकी जानकारी नहीं मिल पाती है। कारण विभाग का साफ्टवेयर ही ऐसा तैयार किया गया है कि बिलों की संख्या तो नजर आएगी, लेकिन खर्च दिखेगा नहीं। बीते साल की तुलना में इस साल कुछ ज्यादा बिल जमा हुआ है। यह केवल रायगढ़ ट्रेजरी में ही देखने को मिला है, बाकी सब ट्रेजरी में ऐसा नहीं है। इस साल 58 हजार 957 बिल लगा था। इसमें 58 हजार 465 बिल पास हुआ और 113 बिल का यूआर जनरेट नहीं हो सका। वहीं 492 बिलों को विभागों का लौटा दिया गया था। इन बिलों में कुछ कमियां थी, जिसे विभाग को पूरा करने कहा गया। इसमें सबसे ज्यादा जिला ट्रेजरी रायगढ़ में 36 हजार 761, सब ट्रेजरी धरमजयगढ़ 5 हजार 139, सब ट्रेजरी घरघोड़ा 10 हजार 182 और सब ट्रेजरी खरसिया में 6 हजार 857बिल जमा हुआ था।यह बिल वित्तिय वर्ष 2025-26 का है।



### बीते साल 55 हजार 625 बिल

बीते साल 55 हजार 625 बिल जमा हुआ था। इस साल 58 हजार 957 बिल लगा था। याने तीन हजार के आसपास बिल ज्यादा जमा हुआ था। जानकारी के अनुसार केवल रायगढ़ में ही बिल ज्यादा जमा होती है, बाकी सब ट्रेजरी में कम। कारण वहां शासन से राशि ही कम जाती है।

### एक महीने में 5279 बिल

केवल मार्च महीने की ही बात करें तो इस साल एक महीने के भीतर ही 5279 बिल जमा हुआ था। बीते साल के बिल की बात करें तो इससे कुछ कम 4892 बिल जमा हुआ था। इस साल बिल कुछ ज्यादा जमा हुआ है। इसमें 68 बिल लौटाया गया था। बाद में जो कमियां थी उसे पूरा करने के बाद पास किया गया।

### कहां कितनी बिल जमा

जिला कोषालय - 36 हजार 761
उप कोषालय धरमजयगढ़ - 5 हजार 139
उप कोषालय घरघोड़ा - 10 हजार 182
उप कोषालय खरसिया -6 हजार 857 बिल

ट्रेजरी के साफ्टवेयर में केवल बिल की संख्या ही शो करता है। राशि का कोई ऑप्शन नहीं है। इसलिए कौन विभाग कितना खर्च किया इसकी जानकारी नहीं मिल पाती है। एकाउंट तैयार होने के बाद पता चलता है।

**चंद्रपाल सिंह ठाकुर**
जिला कोषालय अधिकारी।

## जागरुकता अभियान का असर नहीं, आज भी हो रहा बाल विवाह

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जागरुकता कार्यक्रमाओं और अन्य लाख जतन के बाद भी लोगों में जागरुकता की कमी आज भी है। हालात यह है कि इस आधुनिकता के दौर में भी लोग नाबालिगों की शादी कराने में कोई हिचक महसूस नहीं कर रहे हैं। इसकी बानगी गुरुवार को एक बार फिर देखने को मिला जब महिला बाल विकास और पुलिस की टीम ने नाबालिग बालक की शादी रुकवाई। जब बारात की तैयारी कर रहे तो अधिकारियों की टीम घर पहुंच गई। जिला प्रशासन और पुलिस के आपसी समन्वय से एक बाल विवाह को रोका गया। रायगढ़ ब्लॉक के एक गांव में नाबालिग बालक के विवाह की तैयारी चल रही थी, जिसे समय रहते प्रशासन की सतर्कता से रूकवाया गया। जानकारी मिली तो अधिकारियों ने मौके पर दबिश दी। बताया गया कि बालक की आयु विवाह योग्य 21 साल न होने के बावजूद 3 अप्रैल को बारात ले जाने की तैयारी की जा रही है। मामले की गंभीरता को देखते हुए सूचना मिलते ही जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग के नेतृत्व में तत्काल पुलिस विभाग के सहयोग से एक संयुक्त टीम का गठन किया गया। गठित टीम गुरुवार को संबंधित ग्राम पहुंची और बालक के जन्मतिथि से संबंधित शैक्षणिक एवं अन्य दस्तावेजों की गहन जांच की गई। जांच के दौरान पाया गया कि बालक की वर्तमान आयु 20 वर्ष 05 माह है, जो कि विवाह के लिए निर्धारित कानूनी आयु 21 वर्ष से कम है। मौके पर बालक के परिजनों को बाल विवाह के कानूनी दुष्परिणामों और बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम के प्रावधानों के बारे में विस्तार से समझाइश दी गई।



### परिजनों से लिया गया घोषणा पत्र, राजीनामा

मौके पर ही परिजनों से औपचारिक घोषणा पत्र एवं राजीनामा पत्र भरवाया गया। इस संयुक्त कार्यवाही में ग्राम के सरपंच सहित जिला बाल संरक्षण अधिकारीए परियोजना अधिकारी बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी, पुलिस विभाग के प्रतिनिधि, संरक्षण अधिकारी, विधिक सह परिवीक्षा अधिकारी, सेक्टर पर्यवेक्षक एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मुख्य रूप से उपस्थित थे। बाल विवाह एक सामाजिक बुराई होने के साथ-साथ कानूनी अपराध भी है। इसके बाद भी लोग जागरुकता के अभाव में इस अपराध को कर रहे हैं।

## अधिकारियों की ऐसी लापरवाही, अपने ही आंगनबाड़ी केंद्रों की नहीं कर पा रहे जांच

**रायगढ़।** जो मामला सामने आया है वह काफी गंभीर है। परियोजना अधिकारी और सुपरवाईजर अपने ही विभाग के आंगनबाड़ी केंद्रों की जांच नहीं कर पा रहे हैं। जबरिया व्यस्तता का बहाना बनाकर 51 परियोजना अधिकारी और सुपरवाईजरों ने आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण ही नहीं किया। इससे कलेक्टर जहां नाराज हैं। वहीं जिला कार्यक्रम अधिकारी ने नोटिस जारी किया है। इन लापरवाह अधिकारियों को अब जवाब देना होगा। अब तीन दिन के भीतर जवाब देना होगा, नहीं तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। 1 अप्रैल से 30 जून तक आंगनबाड़ी केन्द्रों का संचालन सुबह 7 से पूर्वान्ह 11 बजे तक किया जाना है। इसी क्रम में जिले के सभी परियोजना अधिकारी एवं सुपरवाईजरों को 01 अप्रैल को अनिवार्य रूप से केन्द्रों का निरीक्षण करने का निर्देश दिया गया था। आंगनबाड़ी केन्द्रों का नियमित निरीक्षण व्यवस्था की गुणवत्ता सुनिश्चित करने, बच्चों एवं अन्य हितग्राहियों तक योजनाओं का समुचित लाभ पहुंचाने तथा कार्यकर्ता सहायिकाओं के कार्यों में सुधार लाने के लिए अत्यंत आवश्यक है। इसके बावजूद 51 अधिकारियों द्वारा निरीक्षण नहीं किया जाना प्रशासन ने गंभीर लापरवाही माना है।

### योजनाओं के तहत पात्र हितग्राहियों को सीधे लाभ प्रदान किया गया

## जनसमस्या निवारण शिविर में हरी खाद और जवा फूल आकर्षण का केंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

लैलूंगा में आयोजित जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में आमजनों की समस्याओं का मौके पर त्वरित निराकरण किया गया तथा विभिन्न योजनाओं के तहत पात्र हितग्राहियों को सीधे लाभ प्रदान किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर अपनी समस्याएं दर्ज कराईं और विभागीय स्टॉलों के माध्यम से एक ही स्थान पर विभिन्न सेवाओं का लाभ लियाए जिससे लोगों में संतोष और प्रशासन के प्रति विश्वास दोनों दिखाई दिए। शिविर में यूरिया डीएपी छोड़बो, हरी खाद बोवाई करबो अभियान के अंतर्गत हरी खाद की प्रदर्शनी तथा केलो जैविक ष्जवा फूलष का प्रदर्शन विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। किसानों एवं ग्रामीणों ने इसमें विशेष रुचि दिखाई और जैविक खेती के प्रति जागरूकता प्राप्त की। विभिन्न विभागों द्वारा हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया। समाज कल्याण विभाग द्वारा 6 हितग्राहियों को मुख्यमंत्री वृद्धा पेंशन एवं विधवा पेंशन योजना का लाभ दिया गया। जनपद पंचायत के माध्यम से 13 हितग्राहियों को प्राथमिकता राशन कार्ड वितरित किए गए तथा 5 किसानों को केसीसी अंतर्गत चेक राशि प्रदान की गई। शिक्षा विभाग द्वारा 9 दिव्यांग विद्यार्थियों को शैक्षणिक सामग्री वितरित की गई। कृषि विभाग द्वारा 4 हितग्राहियों को साइकिल व्हील, उद्यानिकी विभाग द्वारा 14 हितग्राहियों को फलदार पौधे तथा मत्स्य विभाग द्वारा 3 हितग्राहियों को मछली जाल एवं आइस बॉक्स प्रदान किए गए। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत 15 हितग्राहियों को आवास की चाबी एवं 14 हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र प्रदान किए गए। हितग्राहियों ने योजनाओं का लाभ मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए शासन-प्रशासन के प्रति आभार जताया। शिविर में राजस्व विभाग द्वारा नामांतरण, बंटवारा सहित अन्य लंबित प्रकरणों का मौके पर निराकरण किया गया। साथ ही महतारी वंदन योजना के अंतर्गत ई.केवाईसी की प्रक्रिया पूर्ण कराई गई एवं नोनी सुरक्षा योजना की जानकारी भी दी गई। शिविर में विभिन्न सेवाओं के लिए अलग.अलग स्टॉल लगाए गए थेए जिनमें पीएम आवास, राशन कार्ड, राजस्व, स्वास्थ्य, विद्युत, महिला एवं बाल विकास, आधार पंजीयन, आयुष्मान कार्ड, लर्निंग लाइसेंस, मत्स्य पालन, स्व.सहायता समूहों के उत्पाद, केलो जैविक जवा फूल, शुद्ध रागी प्रदर्शनी आदि शामिल रहे।





खबर संक्षेप

## चौहान के परिजन के मिली आर्थिक सहायता अनुदान राशि

**जशपुरनगर**। पत्थलगांव तहसील अंतर्गत ग्राम तमता निवासी स्व.शिवकांती चौहान की प्राकृतिक आपदा सर्पदंश से मृत्यु के संबंध में जांच प्रतिवेदन प्राप्त होने पर राजस्व विभाग द्वारा 18 मार्च .2026 को मृतिका के निकटतम वैध वारिसों को 4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है। वित्तीय वर्ष की समाप्ति अवधि में शासन द्वारा 25 मार्च के पश्चात शासकीय-योजनाओं के भुगतान हेतु बिल प्रस्तुत करने पर रोक लगाया गया है। हितग्राहियों को माह अप्रैल में स्वीकृत शासन द्वारा देय अनुदान सहायता राशि का भुगतान कर दिया जाएगा।

## ई-चालान जमा करने हेतु ओटीसी की सुविधा

**जशपुरनगर**। संचालक, कोष एवं लेखा रायपुर के द्वारा 1 अप्रैल से भौतिक (मैनुअल चालान) शासकीय प्राप्तियों चालानों का प्रचलन समाप्त कर ऑनलाइन के माध्यम से ई-कोष पोर्टल अंतर्गत ई-चालना ओटीसी द्वारा चालान जमा करने के निर्देश प्रसारित किये गये हैं। ओटीसी सुविधा अंतर्गत ई-चालना पोर्टल पर चालान तैयार करते समय चालान का डाटा बैंक को ऑनलाइन ट्रांसफर कर दिया जाता है, जिससे बैंक स्तर पर पुनः चालान की प्रविष्टि की आवश्यकता नहीं रहती है। बैंक काउंटर पर केवल ऑनलाइन द्वारा जनरेट चालान जिसमें टीआरएन (टेजरी रिप्रेंस नम्बर) की प्रविष्टि करके राशि जमा किया जाता है एवं बैंक द्वारा एमआईएस कोषालय में संचालनालय के माध्यम से प्रेषित किया जाता है। जिला कोषालय अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया है कि ई-चालान पोर्टल के अंतर्गत ओटीसी के माध्यम से शासकीय प्राप्तियों को जमा करने की प्रक्रिया के संदर्भ में 18 मार्च को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग माध्यम से प्रशिक्षण भी दिया गया है। जिला कोषालय द्वारा जिले के संबंधित समस्त आहरण एवं कार्यालय प्रमुखों को 1 अप्रैल से ई-चालान ओटीसी के माध्यम से ऑनलाइन चालान जमा व स्वीकार करने की कार्यवाही करने के लिए सूचना प्रसारित किया गया है।

## दूसरे प्रदेश के वाहनों को मिलेगा छग का नया पंजीयन चिन्ह

**जशपुरनगर**। परिवहन विभाग द्वारा जानकारी दी गई है कि केन्द्रीय मोटरयान अधिनियम 1988 की धारा 47 के तहत कोई भी वाहन 12 मास से अधिक किसी राज्य में रखी अथवा संचालित की जाती है तो उस राज्य का पंजीयन चिन्ह लेना अनिवार्य है। अधिकांश वाहन स्वामियों द्वारा सीमावर्ती राज्य जैसे झारखण्ड, ओडिशा राज्य की पंजीयन चिन्ह आबंटित कराकर छत्तीसगढ़ राज्य में संचालित की जा रही है जो कि केन्द्रीय मोटरयान अधिनियम 1988 की धारा 47 के विपरीत है। उन वाहन मालिकों का स्थाई पता छत्तीसगढ़ राज्य की है और वाहन 12 मास से अधिक इस राज्य में रखी गई है और अभी तक छत्तीसगढ़ राज्य का पंजीयन चिन्ह नहीं लिया गया है, जिससे शासन की राजस्व की हानि हो रही है। परिवहन विभाग द्वारा विभाग द्वारा ऐसे वाहन स्वामी को जो अन्य राज्य की आबंटित पंजीयन चिन्ह, संबंधित प्राधिकार से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त कर जिला परिवहन कार्यालय जशपुर में प्रस्तुत करने हेतु सर्व संबंधितों को सूचित किया जा रहा है।

## उत्कृष्ट प्राचार्य सम्मान से सम्मानित हुई सविता

**कांसाबेल**। मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अंलकरण योजना के तहत संभाग स्तरीय सरगुजा संभाग स्तर पर उत्कृष्ट शैक्षणिक सेवाओ के लिए यह पुरस्कार सविता राम प्राचार्य शासकीय हाई स्कूल टांगर गांव कांसाबेल को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल सरगुजा सांसद चिंतामणि महाराज एवं अंबिकापुर महापौर मंजूषा भगत द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। प्राचार्य सविता राम को शाल, श्रीफल ,प्रशस्ति पत्र एवं सम्मान राशि का चेक देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में डिप्टी कमिश्नर शारदा अग्रवाल डाइट प्राचार्य ,सरगुजा संयुक्त संचालक संजय गुप्ता सभी जिले के जिला शिक्षा अधिकारी सहित शिक्षा विभाग के अधिकारी गण उपस्थित रहे।

हनुमान जन्मोत्सव पर हुए विविध आयोजन, लगे भंडारे

# समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करती है रामकथाः गोमती

हरिभूमि न्यूज ⏭ पत्थलगांव






हनुमान जन्मोत्सव पर सरगुजा विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं पत्थलगांव विधायक गोमती साय ने क्षेत्र के विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों में शामिल होकर पूजा-अर्चना की तथा क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। सबसे पहले ग्राम शिवपुर में सार्वजनिक रामकथा समिति द्वारा आयोजित श्रीराम कथा के पूर्णाहुति कार्यक्रम में विधायक श्रीमती साय शामिल हुईं। इस अवसर पर उन्होंने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर क्षेत्र में शांति, समृद्धि और भाईचारे की कामना की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन उपस्थित रहे और भक्ति भाव से श्रीराम कथा का श्रवण कर धर्म लाभ प्राप्त किया।

विधायक गोमती साय ने अपने संबोधन में कहा कि "श्रीराम कथा जैसे आयोजन समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं। इससे हमारी संस्कृति और संस्कार मजबूत होते हैं तथा आपसी एकता और भाईचारा बढ़ता है। ऐसे आयोजन नई पीढ़ी को धर्म और नैतिक मूल्यों से जोड़ने का कार्य करते हैं। कार्यक्रम में सरपंच, मण्डल अध्यक्ष अंकित बंसल, BDC बालश्याम चौहान, अवधेश गुप्ता, नरेश यादव, अरुण यादव, धीरज शर्मा, दामोदर शर्मा, जितेंद्र अग्रवाल, कमलेश यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधि, समिति सदस्य एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।इसके पश्चात विधायक श्रीमती गोमती साय ग्राम कुड़केल खजरी पहुंचीं, जहां दक्षिणमुखी श्री हनुमान मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल होकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर उन्होंने भगवान हनुमान से क्षेत्र के विकास, शांति और समृद्धि की मंगलकामना की। यहां अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि "हनुमान जी की भक्ति हमें सेवा, समर्पण और शक्ति का संदेश देती है। मंदिरों की स्थापना और प्राण प्रतिष्ठा जैसे आयोजन समाज में आस्था और सकारात्मक सोच को मजबूत करते हैं, जिससे क्षेत्र के विकास को नई दिशा मिलती है। इस आयोजन में मण्डल अध्यक्ष विशाल अग्रवाल, खुशबू अग्रवाल, सरपंच संघ अध्यक्ष रोशन प्रताप सिंह, कौशल्या चौहान, शशिकांता पैंकरा, सलमी निकुंज, लक्ष्मी नारायण यादव, सुनील शर्मा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। दोनों ही कार्यक्रमों में श्रद्धालुओं ने उत्साह और भक्ति भाव के साथ सहभागिता निभाई। विधायक श्रीमती गोमती साय की उपस्थिति से आयोजनों में विशेष उत्साह का वातावरण बना रहा।

## भावी पीढ़ी के हाथों में सनातन की परम्परा देखना सुखद अनुभूतिः जूदेव

**जशपुरनगर**। गुरूवार को हनुमान जन्मोत्सव पर शहर के बस स्टेण्ड के समीप स्थित महावीर मंदिर में आस्था का सैलाब उमड़ा। यहां बुधवार से चल रहे 24 घंटे के अखंड रामायण पाठ का गुरूवार को हवन पूजन के साथ समापन हुआ। इस दौरान पूरे शहर में रामायण की चैपाईयां गूंजती रही। वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हुए हवन पूजा के बाद,मंदिर प्रांगण में भंडारा का आयोजन किया गया। भंडारा में शहर के साथ आसपास के ग्रामीण अंचल से श्रद्धालु सैकड़ों की संख्या में प्रसाद ग्रहण करने के लिए जुटे थे। प्रसाद वितरण का सिलसिला शाम तक चलता रहा। आयोजन समिति के अध्यक्ष बबला गुप्ता ने बताया कि महावीर मंदिर में रामनवमीं और भगवान हनुमान के जन्मोत्सव में विशेष पूजा,भंडारा और शोभा यात्रा की परम्परा सालों से चली आ रही है।

- महावीर मंदिर अखंड रामायण और भंडारा का आयोजन

इस अवसर पर रामनवमी शोभा यात्रा में बेहतर प्रदर्शन और योगदान देने वाले स्वयं सेवकों को सम्मानित किया गया। छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की सदस्य प्रियवंदा सिंह जूदेव, एसएसपी डा लाल उम्मेद सिंह, नगरपालिका जशपुर के अध्यक्ष अरविंद भगत, छग पर्यटन मंडल के पूर्व अध्यक्ष कृष्ण कुमार राय ने युवा प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह देकर उनका उत्साहवर्धन किया।





**धार्मिक गतिविधियों का केंद्रः** प्रियवंदा सिंह जूदेव ने कहा कि पीढ़ियों से चली आ रही सनातन की इस परम्पराओं को आने वाली पीढ़ियों से जुड़ते हुए देखना सुखद अनुभव है। उन्होनें आयोजन समिति के पदाधिकारियों और सदस्यों की सराहना करते हुए कहा कि रामनवमीं और हनुमान जयंती में शहर में होने वाले आयोजन को सफल करने में सब मिल कर मेहनत करते हैं। कृष्ण कुमार राय ने कहा कि महावीर मंदिर,शहर के सामाजिक और धार्मिक गतिविधियों का केंद्र है। सालों से यह मंदिर लोगों के आस्था का केंद्र है। एसएसपी डा लाल उम्मेद सिंह ने जिलेवासियों को हनुमान जन्मोत्सव की बधाई दी।

## हनुमान जन्मोत्सव पर विधिविधान से पूजा हवन भंडारे का आयोजन



**पत्थलगांव**। गुरुवार को हनुमान जन्मोत्सव पर रायगढ़ रोड पवार हाउस के पास बने हनुमान मंदिर में विधि विधान से पूजा की गई हवन कर भंडारे का प्रसाद वितरण किया गया सुबह से ही मन्दिर परिसर को सजाया गया था हनुमान जयंती क्क्त लेकर सार्वजनिक हनुमान मंदिर पावर हाउस रायगढ़ रोड के द्वारा तैयारी की जा रही थी पंडित जी के मंत्रोच्चार के साथ पूजा हुवा हवन कर आरती की गई।

भक्तों को प्रसाद बाटा गया मान्यता है कि पावर हाउस हनुमान मंदिर में विराजे हनुमान जी का आशीर्वाद लगातार भक्तों को मिल रहा है। मन की मुरादे पूरी हो रही है। हाल ही में मन्दिर परिसर को ब्यवस्थित किया गया है।

जैसे जैसे भक्तों की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है मन्दिर का कायाकल्प भी हो रहा है। पेड़ पौधों की छाव में बना मन्दिर बड़ा अलौकिक दिखता है।

## नीरज फाउंडेशन स्कूल का परीक्षा परिणाम घोषित




हरिभूमि न्यूज ⏭ पत्थलगांव

नगर स्थित नीरज फाउंडेशन स्कूल में 30 एवं 31 मार्च को वार्षिक परीक्षा परिणाम सफलतापूर्वक घोषित किए गए। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में हर्ष और उत्साह का माहौल रहा। विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अव्वल स्थान प्राप्त किया एवं अपने विद्यालय का नाम गर्व से ऊंचा किया। विद्यालय प्रबंधन ने सभी सफल विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई दी तथा उनके उज्वल भविष्य की कामना की। इस सफलता का श्रेय विद्यार्थियों की मेहनत, अभिभावकों के सहयोग एवं शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन को जाता है।

## सेवानिवृत्त प्राचार्य को डीईओ ने दिया प्रतिनियुक्ति आदेश

**अम्बिकापुर**। शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य राम लोलक मिश्रा 31 मार्च को अधिवार्षिकी आयु पूर्ण कर सेवा निवृत्त हुए। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी डॉ.दिनेश कुमार झा ने उन्हें सत्रांत तक प्राचार्य की जिम्मेदारी संभालने पुनर्नियुक्ति आदेश, अर्जित अवकाश नगदीकरण आदेश एवं समूह बीमा योजना राशि का स्वीकृति आदेश प्रदान किया एवं उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

## जल जीवन मिशनः घर-घर बह रही है स्वस्थ जीवन की धारा

**जशपुरनगर**। पानी के बिना जीवन की कल्पना असंभव है। स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल हर परिवार की मूलभूत आवश्यकता है। इसी आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए सरकार ने हर घर जल के संकल्प के साथ जल जीवन मिशन की शुरुआत की। इस महत्वाकांक्षी योजना का उद्देश्य देश के हर ग्रामीण घर तक नल के माध्यम से स्वच्छ पेयजल पहुंचाना है।

आज यह योजना गांवों के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। जहां पहले लोगों को पानी के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ती थी, वहीं अब उन्हें अपने घर पर ही साफ और सुरक्षित पानी मिल रहा है। इससे वर्षों से चली आ रही जल समस्या का स्थायी समाधान संभव हुआ है और ग्रामीण जीवन अधिक सहज, सुरक्षित और सम्मानजनक बन गया है। जशपुर जिले में इस योजना का प्रभावी और सफल क्रियान्वयन किया जा रहा है। हर घर नल योजना के अंतर्गत दिसंबर 2023 से फरवरी 2026 तक जिले में 20300 से अधिक घरेलू नल कनेक्शन पूर्ण किए जा चुके हैं। इसके साथ ही 430 सोलर पंप स्थापित किए गए हैं तथा 518 नलकूपों का खनन किया गया है। जिले में 52 ग्रामों को हर घर जल प्रमाणित किया जा चुका है। इन उपलब्धियों से हजारों परिवारों को राहत मिली है और अब उन्हें घर पर ही शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो रहा है।



- घरेलू नल से बदली ग्रामीण जिंदगी, सुरक्षित और आसान हुआ जीवन

### शिक्षा पर सकारात्मक प्रभाव

जल जीवन मिशन के तहत प्रत्येक व्यक्ति को प्रतिदिन 55 लीटर जल उपलब्ध कराने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। घर तक जल पहुंचने से महिलाओं को सबसे अधिक राहत मिली है। अब उन्हें पानी लाने के लिए रोजाना लंबी दूरी तय नहीं करनी पड़ती, जिससे उनका समय और श्रम दोनों की बचत हो रही है। इस बदलाव का सकारात्मक प्रभाव स्वास्थ्य, शिक्षा और आजीविका पर भी स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। महिलाएं अब अपने परिवार, बच्चों की देखभाल, खेती-बाड़ी एवं अन्य स्वरोजगार गतिविधियों में अधिक समय दे पा रही हैं। साथ ही, भारी बर्तन ढोने से होने वाली कमर और घुटनों के दर्द जैसी समस्याओं में भी कमी आई है। घर में ही पानी उपलब्ध होने से बच्चियों की शिक्षा पर भी सकारात्मक असर पड़ा है, क्योंकि अब उन्हें पानी लाने में समय नहीं लगाना पड़ता और वे नियमित रूप से स्कूल जा पा रही हैं।

**जल जनित बीमारियों में कमीः** हर घर में नल कनेक्शन के माध्यम से स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता से जल जनित बीमारियों के जोखिम में उल्लेखनीय कमी आई है। दूषित पानी के कारण होने वाली बीमारियां जैसे डायरिया, हैजा और पेचिश अब पहले की तुलना में कम हो रही हैं।कई क्षेत्रों में पानी में पाए जाने वाले आर्सेनिक और फ्लोराइड जैसे हानिकारक तत्वों से होने वाली समस्याओं से भी लोगों को राहत मिली है। इससे न केवल स्वास्थ्य में सुधार हुआ है, बल्कि इलाज पर होने वाले खर्च में भी कमी आई है। सुरक्षित पेयजल तक आसान पहुंच के कारण जल जनित रोगों से होने वाली मृत्यु दर में भी कमी देखी जा रही है। यह योजना न केवल पानी की उपलब्धता सुनिश्चित कर रही है, बल्कि स्वास्थ्य, शिक्षा और महिलाओं के सशक्तिकरण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। हर घर में नल से बहता स्वच्छ जल, खुशहाल और स्वस्थ जीवन की नई पहचान भी बन चुका है।

## चांपाझरिया व्यपवर्तन योजना का होगा विस्तार

**जशपुरनगर**। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल पर विकासखंड दुलदुला स्थित चांपाझरिया व्यपवर्तन योजना को राज्य शासन द्वारा पुनरीक्षित प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। इस महत्वपूर्ण योजना के लिए कुल 51 करोड़ 44 लाख 62 हजार रुपये की स्वीकृति दी गई है। जिससे जिले में सिंचाई सुविधाओं का व्यापक विस्तार होगा और किसानों को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा। इस योजना के क्रियान्वयन से लगभग 1800 हेक्टेयर खरीफ क्षेत्र में सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इससे वर्षा पर निर्भर खेती करने वाले किसानों को अब पर्याप्त पानी मिलेगा, जिससे उत्पादन क्षमता में वृद्धि होगी और खेती अधिक लाभकारी बन सकेगी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की यह पहल किसानों के हित में एक बड़ा कदम है। इससे न केवल सिंचाई क्षमता में वृद्धि होगी, बल्कि किसानों के जीवन में खुशहाली आएगी और वे आत्मनिर्भर एवं समृद्ध बन सकेंगे। चांपाझरिया व्यपवर्तन योजना के माध्यम से जल संसाधनों का बेहतर उपयोग सुनिश्चित किया जाएगा। इससे न केवल कृषि उत्पादन बढ़ेगा, बल्कि फसल विविधीकरण को भी बढ़ावा मिलेगा। किसान अब अधिक उन्नत एवं लाभकारी फसलों की खेती कर सकेंगे, जिससे उनकी आय में वृद्धि होगी। सिंचाई सुविधा के विस्तार से क्षेत्र में कृषि आधारित अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और किसानों की आर्थिक स्थिति में सुधार आएगा। यह योजना जल प्रबंधन के क्षेत्र में भी एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी, जिससे दीर्घकालीन कृषि विकास को गति मिलेगी।



- 51 करोड़ 44 लाख रुपये की मिली स्वीकृति
- सिंचाई क्षमता बढ़ेगी किसान होंगे समृद्ध

भाजपा जिला कार्यसमिति की कुनकुरी में बैठक संपन्न

## संगठन विस्तार के साथ स्थापना दिवस व अंबेडकर जयंती कार्यक्रमों पर जोर

**जशपुरनगर**। भारतीय जनता पार्टी जिला जशपुर की जिला कार्यसमिति की महत्वपूर्ण बैठक स्थानीय मंगल भवन, कुनकुरी में आयोजित की गई। बैठक में 6 से 12 अप्रैल तक मनाए जाने वाले भाजपा स्थापना दिवस सप्ताह तथा 14 अप्रैल को भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की विस्तृत रूपरेखा तय की गई।

1 बैठक को संबोधित करते हुए जिला भाजपा अध्यक्ष भरत सिंह ने कहा कि प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार 6 अप्रैल से 12 अप्रैल तक स्थापना दिवस सप्ताह के अंतर्गत विभिन्न संगठनात्मक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, वहीं 14 अप्रैल को अंबेडकर जयंती को व्यापक स्तर पर मनाया जाएगा। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से अपने-अपने बूथ स्तर पर सक्रिय भूमिका निभाते हुए कार्यक्रमों को सफल बनाने और संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया। इस अवसर पर पूर्व 1 विधायक रोहित साय ने अपने उद्बोधन में कहा कि संगठन की ताकत कार्यकर्ताओं की सक्रियता और जमीनी जुड़ाव में निहित होती है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि वे प्रत्येक गांव और बूथ स्तर तक पहुंच बनाकर पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाएं। उन्होंने स्थापना दिवस एवं अंबेडकर जयंती के कार्यक्रमों को सामाजिक समरसता और संगठन विस्तार का महत्वपूर्ण अवसर बताते हुए इसे पूरी ऊर्जा के साथ सफल बनाने का आह्वान किया।




### जिला स्तर पर होगा समितियों का गठन

बैठक में यह भी बताया गया कि इन सभी कार्यक्रमों के क्रियान्वयन हेतु जिला स्तर पर समितियों का गठन किया जाएगा तथा 22 अप्रैल तक सभी कार्यक्रमों का समन्वय एवं समीक्षा सुनिश्चित की जाएगी।

### बस्तियों व छात्रावासों में विशेष संपर्क अभियान

जिला भाजपा उपाध्यक्ष उपेंद्र यादव ने कार्यशाला के माध्यम से कार्यकर्ताओं के समक्ष कार्यक्रमों की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि 13 अप्रैल को बाबा साहेब की प्रतिमा स्थलों पर स्वच्छता अभियान एवं दीप प्रज्वलन, 14 अप्रैल को माल्यार्पण, पुष्पांजलि, मिष्ठान वितरण तथा संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक पाठ किया जाएगा। इसके साथ ही बस्तियों व छात्रावासों में विशेष संपर्क अभियान चलाया जाएगा।उन्होंने आगे जानकारी दी कि प्रत्येक जिला केंद्र पर 20 अप्रैल से पूर्व संगोष्ठियों का आयोजन किया जाएगा, जिसमें बाबा साहेब के व्यक्तित्व एवं कृतित्व, उनके योगदान तथा सरकार द्वारा किए गए कार्यों पर चर्चा होगी। साथ ही संविधान और लोकतांत्रिक मूल्यों से जुड़े विषयों पर भी संवाद किया जाएगा।

### इनकी रही उपस्थिति


बैठक में मुख्य रूप से जशपुर वरिष्ठ भाजपा नेता विश्वनाथ सिंह, जनपद अध्यक्ष श्रीमती सुशीला साय, जशपुर नगरपालिका अध्यक्ष अरविंद भगत, नपा उपाध्यक्ष यशप्रताप सिंह जूदेव, संतोष सहाय, संतोष सिंह, राजकपूर भगत, श्रीनायक मिश्रा, पिंकी गुप्ता, दिनेश चौधरी, अनिता सिंह, सरोजनी सिंह, रूपेश सोनी, शरद चौरसिया, देवधन नायक, असलम आजाद, उमेश यादव, दिलीप साहू, बॉबी ताम्रकार सहित भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## धर्मांतरण के विरुद्ध साय सरकार का वज्रपातः तिवारी



**जशपुरनगर**। छत्तीसगढ़ विधानसभा में 'छत्तीसगढ़ धर्म स्वातंत्र्य (संशोधन) विधेयक 2026' के पारित होने को भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य शिव प्रकाश तिवारी ने एक युगांतकारी निर्णय बताया है। उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह कानून राज्य की सांस्कृतिक अस्मिता और जनजातीय समाज की सुरक्षा के लिए 'अभय कवच' सिद्ध होगा।

शिव प्रकाश तिवारी ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व वाली सरकार ने प्रदेश की पावन धरा को कपटपूर्ण धर्मांतरण के दंश से मुक्त करने के लिए जो साहस दिखाया है, वह इतिहास के स्वर्णिम अक्षरों में दर्ज किया जाएगा। उन्होंने कहा छत्तीसगढ़ लंबे समय से लोभ, लालच और भय के बल पर किए जा रहे धर्मांतरण की चुनौतियों से जूझ रहा था। विशेषकर जशपुर जैसे जनजातीय बाहुल्य क्षेत्रों में बाहरी शक्तियों द्वारा हमारे सामाजिक ताने-बाने को छिन्न-भिन्न करने का कुत्सित प्रयास किया जा रहा था। यह विधेयक उन राष्ट्रविरोधी ताकतों पर एक निर्णायक प्रहार है। जनजातीय समाज की परंपराओं को अवैध धर्मांतरण से बचाने में यह कानून मील का पत्थर साबित होगा। कड़े प्रावधानः जबरन धर्म परिवर्तन कराने वालों के विरुद्ध कड़े दंड से असामाजिक तत्वों पर नकेल कसेगी। सांस्कृतिक गौरवः यह निर्णय प्रदेश के गौरवशाली अतीत और वर्तमान को सुरक्षित करने वाला है।



# सच्चाई और झूठ के बीच की लाइन होती जा रही धुंधली : अमिताभ

**मुंबई।** 83 साल की उम्र में भी अमिताभ बच्चन लगातार फिल्में कर रहे हैं। बिग बी ने हाल ही में बताया कि उनकी 'कल्कि 2' की शूटिंग पूरी कर ली है। वहीं ,अब उन्होंने सोशल मीडिया पर एक ब्लॉग पोस्ट किया है, जो हर किसी को सरप्राइज कर रहा है। बिग बी ने अपने इस ब्लॉग में बताया कि जब लोग उनसे पूछते हैं कि आप इतनी मेहनत क्यों करते रहते हैं, तो अमिताभ बच्चन का जवाब बहुत सीधा होता है- 'क्यों नहीं?' अमिताभ बच्चन ने आज की दुनिया के बारे में भी लिखा। उन्होंने लिखा कि आज जानकारी इतनी ज्यादा हो गई है कि सच्चाई और झूठ के बीच की लाइन धुंधली होती जा रही है।' बिग बी की इस पोस्ट ने फैंस को सरप्राइज कर दिया है।

लाइफ Style

# मोना

## मां का सम में दिखाएंगी सिंगल मदर्स का नया रूप

एक्ट्रेस मोना सिंह हाल ही में रिलीज हुई क्राइम थ्रिलर 'सूबेदार' में नजर आई थीं। अब वो नई सीरीज 'मां का सम' में नजर आने वाली हैं। माफिया क्वीन बनने के बाद अब वो एक सिंगल मदर के रोल में नजर आएंगी।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

मोना ने हाल ही में अपने इस रोल की खासियत बयां की। अपने किरदार का जिक्र करते हुए मोना ने कहा, 'मैंने पहले भी मां के किरदार निभाए हैं, लेकिन विनीता मुझे काफी अलग लगी। उसे उस परफेक्ट और त्याग करने वाली मां की तरह नहीं लिखा गया है, जैसा हम कई साल से देखते आ रहे हैं। काफी समय से हमने मांओं को एक ऊंचे दर्जे पर बिठा दिया है, जहां उनकी पूरी पहचान बस त्याग और बलिदान तक सिमट कर रह जाती है।'मोना ने आगे कहा, 'मेरा किरदार विनीता इसी सोच को तोड़ती है। वो एक मां है, लेकिन एक ऐसी औरत भी है जिसकी अपनी अलग जिंदगी, अपनी पसंद और अपनी इच्छाएं हैं। उसे साथ की तलाश है, वो डेटिंग के लिए तैयार है और अपनी शर्तों पर चीजें समझ रही है। यही ईमानदारी मुझे इस किरदार की तरफ खींच ले गई। यह बहुत असली और आज के दौर का किरदार लगा।' अपने किरदार पर विस्तार से चर्चा करते हुए मोना ने कहा, 'मुझे लगता है कि यह किरदार बहुत जरूरी है, खासकर युवा दर्शकों के लिए। इसे देखने के बाद वो अपनी मांओं को सबसे पहले एक इंसान के तौर पर देखेंगे। उनके भी सपने होते हैं, भावनाएं होती हैं और माता-पिता होने के अलावा भी एक अपनी जिंदगी होती है।



हॉलीवुड मसाला



# क्रिप्टो को बचाने के खातिर लड़ेगी सुपरगर्ल

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड फिल्म 'सुपरगर्ल' का ट्रेलर मेकर्स द्वारा रिलीज कर दिया गया है। इस बार सुपरगर्ल अपने सबसे करीबी दोस्त की जिंदगी के लिए लड़ती नजर आएगीं। 'सुपरगर्ल' के फैंस का इंतजार अब खत्म हो चुका है। मेकर्स ने इस फिल्म का ट्रेलर रिलीज कर दिया है। 2 मिनट 56 सेकंड के इस ट्रेलर में सुपरगर्ल खतरों के बीच लड़ती और खुद को खोजती नजर आएंगी। हॉलीवुड फिल्म 'सुपरगर्ल' का ट्रेलर मंगलवार देर रात रिलीज किया गया। इसकी शुरूआत सुपरगर्ल और सुपरमैन के बीच बातचीत से होती है, जिसमें सुपरमैन पूछता है कि सुपरगर्ल कब वापस लौटेगी?




# हाथ मिलाना पड़ा महंगा प्रोजेक्ट से हुईं बाहर...

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री डकोटा जॉनसन अपनी बेहतरीन अदाकारी के लिए जानी जाती हैं। हाल ही में उन्होंने एक ऑडिशन से जुड़ा हैरान कर देने वाला किस्सा सुनाया है। उनके मुताबिक एक बार वह एक फिल्म के लिए ऑडिशन देने गई थीं। उनके शिष्टाचार वाली बात की वजह से उन्हें प्रोजेक्ट से बाहर कर दिया गया। उन्होंने बताया कि कैसे वह कमरे में गईं और टीम का अभिवादन किया। इस बात को वह एक सामान्य बातचीत मान रही थीं। हालांकि, यह दूसरे पक्ष के लिए असामान्य बात थी। उस पल को याद करते हुए अभिनेत्री ने कहा, 'मैं कमरे में गई, मैंने सबसे हाथ मिलाया और अपना परिचय दिया। सीन पूरा करके वहां से निकलने के बाद मुझे पता चला कि इस तरीके को उस तरह से नहीं लिया गया जैसा मैंने सोचा था। इस पर मिली प्रतिक्रिया काफी अजीब थी।'



# 14 साल लड़ाई के बाद भी इंसाफ नहीं

**मुंबई।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने अभिनेत्री अनीता आडवाणी की वह अपील खारिज कर दी है, जिसमें उन्होंने दिवंगत सुपरस्टार राजेश खन्ना के साथ अपने रिश्ते को शादी जैसा रिश्ता मानते हुए कानूनी दर्जा देने की मांग की थी। हाईकोर्ट ने डिंडोशी कोर्ट के फैसले को बरकरार रखा। फैसले के बाद एक बातचीत में अनीता बेहद आहत और भावुक नजर आईं। उन्होंने कहा कि उन्हें इस मामले को कई साल दिए पर उनकी बात कभी ठीक से सुनी ही नहीं गई। अनीता ने कहा कि लिव-इन और शादी जैसे संबंधों के मामलों में महिलाओं के लिए न्याय पाना बेहद मुश्किल है। मेरे साथ भी यही हुआ। पहले मुझे उस घर से बाहर किया गया, फिर 14 साल तक लड़ती रही और फिर भी इंसाफ नहीं मिला। सबसे बड़ा दुख यही है कि मुझे अपनी बात साबित करने का मौका ही नहीं दिया गया।



# शराब पीने वालों के साथ काम नहीं करता

**नई दिल्ली।** अभिनेता, निर्माता और लेखक विवेक वासवानी ने सुपरस्टार सलमान खान को कई खुलासे किए हैं। साथ ही उन्होंने बताया कि पत्थर के फूल के बाद उन्होंने दोबारा क्यों सलमान खान जैसे सुपरस्टार के साथ काम नहीं किया? हालांकि, उन्होंने कुछ खास परिस्थितियों में सुपरस्टार के पेशेवर रवैये की सराहना भी की। विवेक वासवानी ने डिसिप्लिन, क्रिएटिव प्रोसेस और सलमान के साथ काम करने के अपने अनुभव को लेकर बात की। जब उनसे पूछा गया कि क्या उन्हें सलमान के साथ दोबारा काम करने का मन नहीं हुआ, तो वासवानी ने साफ कहा, 'नहीं हुआ।' उन्होंने आगे कहा कि मैं ऐसी जगह काम नहीं कर सकता, जहां शराब हो। मैं ऐसी जगह काम नहीं कर सकता, जहां लोग शराब पीते हों और अनुशासनहीनता के साथ काम करते हों।

टीवी मसाला



# शिल्पा के शो भाभीजी घर पर हैं 2.0 बंद हो रहा...

**नई दिल्ली।** टेलीविजन का सबसे फेमस सिटकॉम 'भाभी जी घर पर हैं 2.0 ' का कुछ महीने पहले ही प्रीमियर हुआ था। इसमें अंगूरी भाभी शिल्पा शिंदे की वापसी हुई थी, लेकिन अब शो बंद होने की अटकलें लगाई जा रही हैं। मीडिया रिपोट्र्स के मुताबिक, 'भाभी जी घर पर है! 2.0' के बंद होने की संभावना &टीवी में हो रहे बड़े बदलावों के कारण है, जिसके तहत कंपनी नए कंटेंट मेकिंग बंद करने की प्लानिंग कर रही है। शो से जुड़े सूत्रों ने बताया कि शो के कलाकार और क्रू 5 अप्रैल को अपना आखिरी एपिसोड शूट करेंगे। एंड टीवी के मई 2026 से सशुल्क री-रन चैनल बनने की उम्मीद है। यह बदलाव नए प्रबंधन के कार्यभार संभालने के बाद लागू होगा, जो चैनल की रणनीति में बदलाव की प्लानिंग करेगा। आने वाले हफ्तों में, चैनल नए शो पर ध्यान देना बंद कर देगा और पुराने कार्यक्रमों का ही प्रसारण करेगा। इसका सीधा असर चैनल पर चल रहे मौजूदा शो पर पड़ेगा। चैनल के सबसे फेमस और लंबे समय तक चलने वाले शो में से एक 'भाभीजी घर पर हैं!' के बहुत सारे फैंस हैं, ये अब बंद होने वाला है। खबरों के मुताबिक, इस बड़े बदलाव के तहत 'भाभीजी घर पर हैं 2.0' भी बंद हो जाएगा और शो का आखिरी एपिसोड 16 अप्रैल को प्रसारित होने की उम्मीद है। इससे पहले मीडिया में ऐसी अटकलें थीं कि 'भाभीजी घर पर हैं! 2.0' ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर शिफ्ट हो जाएगा। खबरों के अनुसार, 'भाभीजी घर पर हैं!' किसी दूसरे प्लेटफॉर्म पर जाने के बजाय बंद हो जाएगा।

## तारक मेहता में कभी नहीं आएंगी दयाबेन



**नई दिल्ली।** 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में मिसेज सोढ़ी का किरदार निभाने वालीं जेनिफर मिस्त्री ने दयाबेन के किरदार और दिशा वकानी की वापसी को लेकर एक चौंकाने वाला खुलासा किया है। जेनिफर का कहना है कि दिशा वकानी कभी भी शो में वापसी नहीं करेंगी और उनके कमबैक की जो खबरें आती रहती हैं, मेकर्स जो उनके आने की बात कहते हैं, वह सब मार्केटिंग स्ट्रैटेजी है। जेनिफर मिस्त्री अब 'तारक मेहता' का हिस्सा नहीं हैं। उन्होंने 15 साल तक शो का हिस्सा रहने के बाद 2023 में इसे छोड़ दिया था। बाद में जेनिफर मिस्त्री ने प्रोड्यूसर असित मोदी पर संगीन आरोप लगाए थे। वहीं, दिशा वकानी ने 2017 में 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' छोड़ा था, और तबसे उन्होंने शो में वापसी नहीं की है। तब से अभी तक 10 साल बीत चुके हैं, पर दिशा वकानी की कमबैक की खबरें आती रहती हैं।

# कर्ज में डूबे दोस्त के लिए रफी ने फ्री में गाए थे 52 साल पुरानी फिल्म के गाने

*नई दिल्ली। हिंदी सिनेमा के लोकप्रिय गायकों में मोहम्मद रफी का नाम भी शामिल रहता है। बेशक रफी साहब हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनके द्वारा गाए गए शानदार गीतों को आज भी श्रोता सुनना पसंद करत हैं। यूं तो सिनेमा जगत में मोहम्मद रफी से जुड़े कई रोचक किस्से मौजूद हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं कि एक फिल्म ऐसी भी, जिसके लिए रफी साहब ने फ्री में गाने गाए थे। बात 1971 की है, जब सुपरस्टार जॉय मुखर्जी फिल्म लव इन बॉम्बे बना रहे थे। इस मूवी के लिए जॉय ने अपनी सारी पूंजी लगा दी। लेकिन, उनको सबसे झटका तब लगा, जब फिल्म पूरी बनने के बाद डिब्बा बंद हो गई और जॉय मुखर्जी की आर्थिक हालत खराब होने लगी। इस बुरे वक्त में मोहम्मद रफी ने अपने दोस्त जॉय का साथ दिया। रफी साहब न सिर्फ एक महान सिंगर थे, बल्कि इंसानियत का फरिश्ता भी माने जाते थे। उन्होंने लव इन बॉम्बे के लिए फ्री में गाने गाए और कर्ज में डूबे अपने दोस्त का साथ दिया। इस मूवी का रानी नाचो... रफी साहब ने बिना कोई रकम लिए गाया था।*




### दोस्ती की अनोखी मिसाल

कहा जाता है कि उन्होंने जॉय मुखर्जी से साफ कह दिया था कि फिल्म के गाने एक शर्त पर ही गाऊंगा कि मुझे तुमसे पैसे नहीं चाहिए। ये सुनकर जॉय की आंखें भर आई थीं और वह समझ गए थे कि सच्चा दोस्त ही बुरे वक्त में साथ देता है। इस तरह से मोहम्मद रफी ने सिनेमा जगत में दोस्ती की अनोखी मिसाल कायम की।

### 40 साल बाद रिलीज हुई थी लव इन बॉम्बे

मोहम्मद रफी के फ्री गाने और तमाम संघर्षों के बाद भी जॉय मुखर्जी की राह आसान नहीं हुई। उनकी फिल्म लव इन बॉम्बे करीब 40 साल बाद जाकर सिनेमाघरों में रिलीज हो पाई थी। हालांकि, तब तक न तो रफी साहब रहे और न ही जॉय अपनी मूवी को रिलीज होते ही देख पाए। लेकिन मोहम्मद रफी साहब की दरियादिली के लिए जॉय की इस मूवी को आज भी याद किया जाता है।

# गोल्डन टेंपल के दर्शन करके हुईं भावुक



*नई दिल्ली। इन दिनों देसी गर्ल प्रियंका चोपड़ा हॉलीवुड गलियारों को छोड़कर अमृतसर की गलियों में नजर आ रही हैं। मंगलवार को वह गोल्डन टेंपल भी दर्शन करने पहुंची थीं। मंदिर के दर्शन करने के बाद प्रियंका ने वहां पर सेवा भी की। बुधवार को अपनी गोल्डन टेंपल की यात्रा से जुड़ी कुछ खास तस्वीरें प्रियंका ने इंस्टाग्राम पर साझा की हैं। इस पावन स्थान पर पहुंचकर उन्हें अपने दिवंगत पिता की भी बहुत याद आई। अपनी पोस्ट में प्रियंका ने अपने पिता को भी याद किया है। देखें प्रियंका चोपड़ा द्वारा साझा की गई तस्वीरें। गोल्डन टेंपल के सामने खड़े होकर प्रियंका चोपड़ा ने कई तस्वीरें ली हैं। साथ ही एक तस्वीर के साथ कैप्शन लिखा, 'पापा आपके बारे में ही सोच रही हूं।'आगे वह गुरुद्वारा कमेटी का भी आभार व्यक्त करती हैं। प्रियंका चोपड़ा ने बहुत ही सहजता से गोल्डन टेंपल के दर्शन किए थे। प्रियंका चोपड़ा ने गोल्डन टेंपल के अंदर की भी कई तस्वीरें साझा की हैं। वह सिंपल सूट-सलवार में स्वर्ग मंदिर के गलियारे में नजर आ रही हैं। सोने से जड़े हुए मंदिर की भी अलग-अलग जगह से तस्वीरें एक्ट्रेस ने पोस्ट की हैं। साथ ही एक बुजुर्ग निहंग सिख की फोटो भी प्रियंका चोपड़ा ने अपनी इंस्टाग्राम पोस्ट पर शेयर की है।*

## पहले तीन महीने में बॉलीवुड ने कुछ कमाल की फिल्में की हैं रिलीज

# ये हैं 2026 की अब तक पांच सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्में

*नई दिल्ली। साल 2026 की शुरुआत सिनेमालवर्स के लिए शानदार हुई है। पहले तीन महीने में बॉलीवुड ने कुछ कमाल की फिल्में रिलीज की हैं। इन फिल्मों में सबसे ज्यादा चर्चा रणवीर सिंह की धुरंधर 2 की हो रही है। धुरंधर 2 बॉक्स ऑफिस पर भी कमाल कर रही है। इस साल की अबतक की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म धुरंधर 2 है। धुरंधर 2 की आंधी के बीच हम आपको बता रहे हैं साल 2026 की भारत में अबतक की पांच सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्में।*



**धुरंधर: द रिवेंज :** आदित्य धर के निर्देशन में बनी धुरंधर 2 ने अबतक (01 अप्रैल, 12 बजे तक) 903.22 करोड़ की कमाई कर ली है। रणवीर सिंह की ये फिल्म इस साल की अबतक की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म है। इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर कई फिल्मों का रिकॉर्ड तोड़ा है। फिल्म में सारा अर्जुन, अर्जुन रामपाल, राकेश बेदी, आर माधवन और संजय दत्त जैसे कलाकार नजर आए हैं। फिल्म की आईएमडीबी रेटिंग 8.6 है। फिल्म 19 मार्च को रिलीज हुई थी।



**बॉर्डर 2 :** लिस्ट में दूसरे नंबर पर सनी देओल, वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ और अहान शेट्टी की फिल्म बॉर्डर 2 है। इस वॉर ड्रामा फिल्म को अनुराग सिंह ने डायरेक्ट किया है। फिल्म 23 जनवरीको रिलीज हुई थी। फिल्म ने 362.76 करोड़ की कमाई की है। फिल्म की आईएमडीबी रेटिंग 6.4 है।



**ओ रोमियो :** लिस्ट में तीसरे नंबर पर शाहिद कपूर की फिल्म ओ रोमियो है। फिल्म 13 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। फिल्म को विशाल भारद्वाज ने डायरेक्ट किया है। फिल्म की कमाई की बात करें तो फिल्म का भारत में कलेक्शन 83.35 करोड़ है। ओ रोमियो की आईएमडीबी रेटिंग 5.6 है।



**मर्दानी 3 :** लिस्ट में चौथे नंबर पर रानी मुखर्जी की फिल्म मर्दानी 3 है। फिल्म को अभिराज मीनावाला ने डायरेक्ट किया है। फिल्म 30 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। फिल्म ने भारत में 52.99 करोड़ का कलेक्शन किया है। फिल्म की आईएमडीबी रेटिंग 6.9 है।




**द केरल स्टोरी 2 :** लिस्ट में पांचवे नंबर पर कामाख्या नारायण सिंह की फिल्म दे केरल स्टोरी 2 है। फिल्म की आईएमडीबी रेटिंग 5.3 है। फिल्म ने भारत में 51.92 करोड़ की कमाई की है। फिल्म 27 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी।

## खबर संक्षेप



### अवैध परिवहन में संलिप्त हाइवा जब्त

**सारंगढ़।** जिले के खनिज अमला द्वारा जिला अंतर्गत खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण के रोकथाम हेतु समय समय पर आकस्मिक निरीक्षण कर एवं विभिन्न संचार माध्यमों से प्राप्त सूचना पर तत्परता से कार्यवाही किया जाता है। खनिज अमला जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ द्वारा 01 अप्रैल को प्रश्नाधीन क्षेत्र गुड़ेली-टिमरलगा का मौका निरीक्षण किया गया। निरीक्षण दौरान मौका स्थल में कोई भी अवैध उत्खनन किया जाना नहीं पाया गया। मौका स्थल पर उपस्थित व्यक्तियों एवम ग्राम उपसरपंच को निर्देशित किया गया की यदि किसी भी प्रकार का उत्खनन किया जाता है तो तत्काल इसकी सूचना कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) सारंगढ़-बिलाईगढ़ या समीपस्थ थाना को निर्देशित किया गया। गुड़ेली-टिमरलगा क्षेत्र में प्राप्त शिकायत के आधार पर राजस्व विभाग एवं खनिज अमला जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ की संयुक्त दल द्वारा 16 मार्च को प्रश्नाधीन क्षेत्र का मौका निरीक्षण किया गया। निरीक्षण दौरान मौका स्थल पर खनिज चूनापत्थर के अवैध उत्खनन में संलिप्त कुल 10 नग मशीन/वाहनो पर छ.ग. गौण खनिज नियम 2015 एवं खान एवं खनिज विकास एवं विनियमन अधिनियम 1957 की धारा 21(4)(5) के तहत कार्यवाही किया गया।

### दिव्यांग प्रमाण पत्र के लिए 6 और 10 को शिविर

**सारंगढ़।** जांच और दिव्यांगता प्रमाण पत्र से वंचित दिव्यांग जनों के दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाने के लिए आगामी 6 अप्रैल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरमकेला और 10 अप्रैल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिलाईगढ़ में जिला मेडिकल बोर्ड का शिविर होगा। इसमें आँख, हड्डी, कान, नाक, गला, आदि के डॉक्टर मौजूद होंगे। ऐसे दिव्यांग जिनका दिव्यांग प्रमाण पत्र अब तक नहीं बन पाया है, वे बरमकेला और बिलाईगढ़ में शिविर का लाभ लेकर दिव्यांग प्रमाण पत्र बना सकते हैं। इसमें शामिल होने के लिए पासपोर्ट फोटो, आधार कार्ड, दिव्यांग दिखाई दे रहा है ऐसा फोटो लाना होगा।

### प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन का दौर शुरू

**सारंगढ़।** युवाओं के उच्च शिक्षा के विभिन्न कोर्स के प्रवेश परीक्षा के लिए छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल की वेबसाईट व्यापम सीजी डॉट सीजी स्टेट डॉट जीओवी डॉट इन में में ऑनलाइन आवेदन का दौर थोक मात्रा में शुरू हो गया है। बीफार्मेसी और डीफार्मेसी के लिए पीपीएचटी आवेदन के अंतिम तिथि 6 अप्रैल, इसी प्रकार पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 10 अप्रैल, प्रीडीएलएड प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 13 अप्रैल, प्रीबीएड प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 24 अप्रैल, प्रीपॉलिटेक्निक प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 17 अप्रैल और बीएससी नर्सिंग प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 27 अप्रैल निश्चित है। पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग परीक्षा केंद्र रायपुर है। शेष सभी प्रवेश परीक्षाओं के लिए परीक्षा केंद्र छत्तीसगढ़ के सभी 33 जिलों में बनाया गया है।

## निधन...

### टंडाराम गुप्ता



**पुसौर।** गुप्ता वस्त्र भंडार के प्रधान संचालक दिनेश गुप्ता का 85 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनके निधन से परिवार, समाज और उनसे जुड़क लोगों को शोक की लहर है। रायगढ़ियामुडा तालाब के शव दाह किया गया।

## खरसिया में न्यायिक अधोसंरचना को मिला नया विस्तार

# चीफ जस्टिस ने वर्चुअल माध्यम से किया जिला व अपर सत्र न्यायालय का उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरसिया

**खास बात**

- न्यायिक अधिकारियों के आवास एवं डिजिटल कंप्यूटर रूम का भी भूमि पूजन

खरसिया तहसील में जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश न्यायालय का शुभारंभ छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर के मुख्य न्यायाधिपति रमेश सिन्हा द्वारा वर्चुअल माध्यम से किया गया। इस अवसर पर तहसील खरसिया में न्यायिक अधिकारियों के लिए आवास तथा सारंगढ़ बिलाईगढ़ सिविल जिला रायगढ़ में डिजिटल कंप्यूटर रूम के निर्माण हेतु भूमि पूजन भी वर्चुअल माध्यम से संपन्न हुआ।



मुख्य न्यायाधिपति रमेश सिन्हा ने नवीन न्यायालय के शुभारंभ पर बधाई देते हुए कहा कि यह पहल क्षेत्र की जनता को शीघ्र एवं सुलभ न्याय उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने न्यायिक अधिकारियों के आवास तथा डिजिटल कंप्यूटर रूम के निर्माण को न्यायिक अधोसंरचना के सुदृढ़ीकरण की दिशा में अहम उपलब्धि बताया। उन्होंने यह भी कहा कि वित्तीय वर्ष 2026-27 के प्रथम दिवस पर इस प्रकार के विकास कार्यों का शुभारंभ होना पूरे वर्ष में अधोसंरचना विकास के प्रति सकारात्मक संकेत है। इस दौरान न्यायमूर्ति सचिन सिंह राजपूत, पोर्टफोलियो जजए जिला रायगढ़ भी वर्चुअल माध्यम से उपस्थित रहे।

वहीं कार्यक्रम का आयोजन जिला एवं सत्र न्यायालय रायगढ़ में किया गया, जहां से तहसील खरसिया एवं जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ वर्चुअल माध्यम से जुड़े। कार्यक्रम में स्वागत उद्बोधन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश जितेंद्र कुमार जैन द्वारा तथा आभार प्रदर्शन विशेष न्यायाधीश श्रीमती शोभना कोष्टा द्वारा किया गया। 01 अप्रैल से तहसील खरसिया में जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश के रूप में श्रीमती श्वेता श्रीवास्तव द्वारा न्यायालयीन कार्य की शुरुआत कर दी गई है, जिससे क्षेत्रवासियों को अब स्थानीय स्तर पर ही न्यायिक सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी। कार्यक्रम में रायगढ़ एवं सारंगढ़ बिलाईगढ़ के प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी, तहसील खरसिया, घरघोड़ा, धरमजयगढ़, भटगांव के प्रतिनिधि, अधिवक्ता संघ के पदाधिकारी एवं सदस्य, शासकीय अभिभाषक, लीगल एड डिफेंस काउंसिल के अधिवक्ता, विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी तथा न्यायिक कर्मचारीगण वर्चुअल एवं भौतिक रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर खरसिया न्यायालय से एडीजे खरसिया, प्रथम श्रेणी न्यायाधीश, सहित अन्य न्यायिक अधिकारी उपस्थित रहे। अधिवक्ता संघ खरसिया से अध्यक्ष एवं सचिव के साथ समस्त अधिवक्ता गण विशेष रूप से कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान न्यायिक सेवाओं को और अधिक सुलभ एवं आधुनिक बनाने की दिशा में डिजिटल सुविधाओं के विस्तार पर जोर दिया गया। नई व्यवस्थाओं से क्षेत्र के आम नागरिकों को त्वरित एवं पारदर्शी न्याय मिलने की उम्मीद जताई। इस आयोजन ने खरसिया एवं रायगढ़ जिले में न्यायिक व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं तकनीकी रूप से सक्षम बनाने की दिशा में एक नई पहल के रूप में महत्वपूर्ण संदेश दिया।



## भारी पड़ रहा रायगढ़ का चक्कर जिले में विश्वविद्यालय की दरकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिले में शासकीय विश्वविद्यालय की कमी खलने लगी है। खास करके विश्वविद्यालयीन संबंधित कामकाज के लिए रायगढ़ का चक्कर लगाना छात्र छात्राओं और प्राध्यापकों को भारी पड़ रहा है। ऐसे में जांजगीर चांपा जिले में शासकीय विश्वविद्यालय की मांग को लेकर हस्ताक्षर अभियान चलाने के बाद अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने राज्यपाल के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है।

गौरतलब है कि जिले के महाविद्यालयीन छात्र छात्राओं को विश्वविद्यालय संबंधी कामकाज के लिए 100 किमी की दूरी तय करके रायगढ़ जाना पड़ता है, जबकि जांजगीर चांपा जिले में ही विश्वविद्यालय के अनुरूप शासकीय और अशासकीय विश्वविद्यालय संचालित है। ऐसे में जांजगीर जिले में शासकीय विवि स्थापना की मांग जोर पकडने लगी है। इस विषय को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा हस्ताक्षर अभियान चलाया गया, जिसमें जिले भर के अनेक शासकीय व अशासकीय शिक्षण संस्थानों, महाविद्यालयों में अध्ययनरत हजारों छात्र-छात्राओं ने इस अभियान की सराहना करते हुए अपना समर्थन दिया, जिसे अभाविप जांजगीर-चांपा द्वारा संकलित कर शासकीय विश्वविद्यालय की मांग के ज्ञापन के साथ संलग्न कर जिलाधीश को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन सौंपने वालों में अखिल भारतीय विद्यार्थी जांजगीर चांपा के जिला संयोजक उदय पाण्डेय, जिला संगठन मंत्री ताम्रध्वज साहू, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अनामिका सिंह, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सिद्धार्थ तिवारी, नगर सहमंत्री आर्यन सिंह, नगर सहमंत्री शिवांश सिंह, महाविद्यालय प्रमुख अनुराग त्रिपाठी, कार्यकारिणी सदस्य रितेश राठौर शामिल रहे।

## भवन केवल स्कूल नहीं बल्कि विद्यार्थियों के भविष्य निर्माण में एक योगदान है

- जेपीएल द्वारा निर्मित हायर सेकंडरी स्कूल के नए भवन का हुआ लोकार्पण



**रायगढ़।** स्कूल के लिए नया भवन बनाना केवल स्कूल निर्माण नहीं बल्कि विद्यार्थियों के भविष्य निर्माण में योगदान दे रहे हैं। अच्छी बात यह है कि इस स्कूल में छात्राओं की संख्या अधिक है। जंदल फाउंडेशन तमनार द्वारा बनवाए गए इस नए भवन से विद्यार्थियों को शिक्षा लेने में सहुलियत होगी। ये बातें गुरूवार को धौराभांठा आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय के नए भवन का लोकार्पण के अवसर पर माइंस जेपीएल तमनार के सीईओ व प्रेसीडेंट ओमप्रकाश ने कही। उन्होंने कहा कि पूर्व चेयरमैन ओपी जिंदल का सपना था कि दूरदराज के गांवों में महिलाओं की शिक्षा में योगदान दिया जाए।

उनका मानना था कि लड़कियों को पढ़ाने से मायका और ससुराल दोनों सुधरता है। उन्होंने बताया कि स्कूल परिसर में बनाए गए भवन के अलावा लैब, स्टेज व अन्य कार्यों में जिदंल फाउंडेशन का योगदान है। यहां से पढ़कर आगे की यात्रा आपको तय करनी है। उन्होंने कहा जिंदल में एनआईटी, आईआईटी से पास आउट विद्यार्थी आए हुए हैं। वे यहां पढ़ाने के लिए आएंगे ताकि न केवल धौराभांठा बल्कि आसपास के अन्य गांवों से पढ़ाई करने यहां आने वाले विद्यार्थियों का भविष्य बेहतर बन सके। उन्हें कोर्स के अलावा अन्य ज्ञान भी होना चाहिए। एवीपी सीएसआर ऋषिकेश शर्मा ने कहा कि नवमीं से बारहवीं तक की पढ़ाई क्रिटिकल होती है। इसलिए विद्यार्थियों की जरूरत के हिसाब से स्कूल में जिंदल पावर लिमिटेड के द्वारा व्यवस्था की जा रही है। स्कूल के विकास का श्रेय जिंदल को शासकीय हायर सेकंडरी आत्मानंद उत्कृष्ठ अंग्रेजी माध्यम स्कूल धौराभांठा के प्राचार्य एसआर डनसेना ने कहा कि विद्यालय के विकास में जिंदल प्रबंधन का बहुत बड़ा योगदान है। पांच साल पहले स्कूल भवन बनाया था, स्कूल में साइंस लैब, मंच का निर्माण भी जिंदल द्वारा कराया गया है। उन्होंने कहा कि इस स्कूल में आसपास के गांवों के विद्यार्थी पढ़ने आते हैं उन विद्यार्थियों को इस नए भवन का लाभ मिलेगा। ग्राम पंचायम धौराभांठा के उपसरपंच यशपाल बेहरा ने कहा कि जिंदल पावर न केवल स्कूल के लिए बल्कि गांव के विकास के लिए लगातार काम कर रहा है।

### अब बैंक में जमा होंगे ऑनलाइन चालान

**सारंगढ़।** छत्तीसगढ़ में अब बैंक में जमा करने वाले सभी भौतिक चालानो का प्रचलन समाप्त कर अब ईचालान मॉड्यूल के ओटीसी ऑनलाइन माध्यम से ही चालान जमा करने की व्यवस्था 1 अप्रैल से अनिवार्य किया गया है। सभी पक्षों के लिए उपयोगी होने से इस ओटीसी प्रक्रिया की सुविधा गत वर्ष से लागू है। ओटीसी सुविधा अंतर्गत ईचालान पोर्टल पर चालान जमा करते समय चालान का डाटा बैंक को ऑनलाइन ट्रान्सफर कर दिया जाता है जिससे बैंक स्तर पर पुनः चालान प्रविष्टि की आवश्यकता नहीं रहती है। बैंक काउंटर पर केवल ऑनलाइन द्वारा जनरेटेड चालान, जिसमें ट्रेज़री रिफरेन्स नंबर टीआरएन की प्रविष्टि करके राशि जमा की जाती है एवं बैंक द्वारा एमआईएस कोषालय में ऑनलाइन प्रस्तुत किया जाता है। इस डिजिटलीकरण व्यवस्था को लागू करने से डाटा प्रविष्टि की त्रुटियों में कमी आयेगी तथा लेखांकन सही रूप में हो सकेगा। इस प्रक्रिया के पश्चात ईचालान पोर्टल ईचालान डॉट सीजी डॉट जीओवी डॉट इन के सर्च चालान विकल्प के माध्यम से जमाकर्ता चालान का प्रिंट ले सकता है जो भौतिक चालान में संभव नही है।

## हनुमान जन्मोत्सव में धार्मिक आयोजनों का सिलसिला, भक्ति में डूबा पूरा नगर

- हवन, भंडारा और सुंदरकांड पाठ से गूंजा मंदिर परिसर



**चंद्रपुर।** पवनपुत्र संकटमोचन भगवान हनुमान के जन्मोत्सव का पावन पर्व इस वर्ष चंद्रपुर नगर में अत्यंत श्रद्धा, उल्लास और भक्ति भाव के साथ मनाया गया। हर वर्ष की भांति इस बार भी नगर के विभिन्न मंदिरों और स्थानों पर भव्य धार्मिक आयोजनों की श्रृंखला देखने को मिली। सुबह से लेकर देर रात तक चले कार्यक्रमों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी रही और पूरा नगर भक्तिमय वातावरण में सराबोर नजर आया। नगर के वार्ड क्रमांक 3 में पूर्व पार्षद एवं सामाजिक कार्यकर्ता पप्पू यादव के नेतृत्व में उनके निवास परिसर में स्थित हनुमान मंदिर में विशेष पूजा अर्चना एवं सामूहिक भंडारे का आयोजन किया गया। सुबह से ही श्रद्धालुओं का मंदिर पहुंचना शुरू हो गया था।

भक्तों ने विधिवत पूजा कर भगवान हनुमान जी से सुख समृद्धि और शांति की कामना की। भंडारे में नगर सहित आसपास के क्षेत्रों से आए श्रद्धालुओं ने बड़ी श्रद्धा के साथ प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन में सामाजिक समरसता और भाईचारे का अद्भुत उदाहरण देखने को मिला। इसी कड़ी में नगर के बस स्टैंड स्थित दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में भी हनुमान जन्मोत्सव को लेकर भव्य आयोजन किए गए। प्रातः 10 बजे वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन एवं विधिवत पूजा अर्चना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इसके पश्चात 11 बजे से विशाल भंडारे का आयोजन प्रारंभ हुआ, जिसमें सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया और प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया।वही दोपहर 4 बजे से सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में नगर की महिलाएं, श्रद्धालुओं, समिति के सदस्यों ने एक साथ बैठकर भगवान राम और हनुमान जी की महिमा का गुणगान किया। पूरे मंदिर परिसर में भक्ति की गूंज सुनाई देती रही और वातावरण पूरी तरह आध्यात्मिक ऊर्जा से भर गया। शाम 7 बजे से भजन कीर्तन का आयोजन किया गया, जिसमें स्थानीय भजन मंडलियों द्वारा एक से बढ़कर एक भक्ति गीत प्रस्तुत किए गए। मधुर भजनों की स्वर लहरियों पर श्रद्धालु झूमते नजर आए। पूरा क्षेत्र जय श्री राम और हनुमान की जय के जयघोष से गुंजायमान हो उठा।

### बूथ सम्मेलन में शामिल हुए वित्त मंत्री



**रायगढ़।** असम विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर कालियाबोर विधानसभा क्षेत्र के पश्चिम कालियाबोर मंडल असम में आयोजित बूथ सम्मेलन में एनडीए प्रत्याशी केशव महंता के साथ छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री ओपी चौधरी शामिल हुए।

## कक्षा 11 वीं में नमन ने लहराया परचम



**पुसौर।** तहसील मुख्यालय पुसौर में स्थापित अभिनव विद्यामंदिर के इंग्लिश एवं हिन्दी मीडियम के छात्रों का परीक्षा परिणाम को देखते हुए खंड शिक्षा अधिकारी शैलेष देवांगन स्कूल पहुंच कर छात्रों को सम्मानित किया। इन्होंने कक्षा ग्यारहवी के मैथ्स विषय में 91 प्रतिशत अंक प्राप्त किए छात्र नमन साव सहित अन्य छात्र शामिल थे। जानकारी के मुताबिक यहां के इंग्लिश मीडियम के क्लास नर्सरीः फर्स्ट समर्थ साव, द्वितीय नुबिका जेना, एलकेजीः जिज्ञासा कुर्रे, भूमिका प्रधान, युकेजीः प्राची गुप्ता, आरोही गुप्ता, क्लास फस्टः लविना चौहान आयांस भोय, क्लास सेकेड प्रियल पटेल, निकेता गुप्ता, क्लास थर्ड अंश सिंह राजपुत, आरूष गुप्ता, क्लास फोर्थ प्रियांसु मेश्राम, यमन गुप्ता, क्लास सिक्स प्रियांसु गुप्ता, कृष्णा गुप्ता, क्लास सेवन, लिसा सारथी, सुरज साव, क्लास 9, सुधाषु गुप्ता, सौम्या गुप्ता, तथा क्लास इलेवन, नमन साव, सत्यरेखा भास्कर ने सर्वाधिक अंक प्राप्त किया है।

### केंद्र सरकार की विफलता के कारण महंगाई : कांग्रेस



**रायगढ़।** कांग्रेस ने आरोप लगाया कि केंद्र की गलत नीतियों, आर्थिक कुप्रबंधन, कूटनीतिक विफलताओं को फोकस करते हुए जनता का ध्यान आकृष्ट किया और बताया कि मोदी सरकार की आर्थिक कुप्रबंधन और कूटनीतिक विफलता के कारण महंगाई किस कदर बेहताशा बढ़कर आम जनता को त्राहि माम करने को मजबूर कर दिया है। जिला कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष शाखा यादव ने बताया कि दिनों दिन घरेलू आवश्यक वस्तुओं के दामों में निरंतर वृद्धि हो रही है ये मोदी सरकार की आर्थिक कुप्रबंधन और कूटनीतिक विफलताओं का ही परिणाम है। स्वरोजगार की दृष्टिगत कमर्शियल गैस अत्यंत ही आवश्यक वस्तुओं की श्रेणी में आता है जिसका उपयोग कर लाखों लोगअपना जीवन यापन करते हैं इसके दामों में निरंतर वृद्धि मोदी सरकार द्वारा की जा रही है।

## भक्ति से सराबोर दुर्गा मंदिर से कर नापते हनुमान मंदिर पहुंचे मंजूल

- हनुमान जन्मोत्सव पर दिखा भक्ति और शक्ति का अनूठा संगम



**रायगढ़।** हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर गुरुवार को शहर में भक्ति और शक्ति का अनूठा संगम देखने को मिला। शहर के वरिष्ठ व समाजसेवी मंजुल दीक्षित मां दुर्गा मंदिर, रामलीला मैदान से बजरंगपारा स्थित संकटमोचन हनुमान मंदिर तक कर नापते हुए पहुंचे और क्षेत्रवासियों की सुख समृद्धि और जनकल्याण के लिए हनुमान मंदिर में माथा टेक कर अपनी हाजिरी लगाई। इस दौरान बड़ी संख्या में उनके समर्थक व श्रद्धालु साथ रहे और रास्ते भर पवनसुत हनुमानजी के जयकारे लगाते रहे। मंजूल की कठिन साधना और अटूट विश्वास के सैकड़ों लोग गवाही बने।

शहर में गुरुवार को हनुमान जन्मोत्सव की धूम रही। शहर के हनुमान मंदिरों में सुबह से रात तक हनुमान चालीसा पाठ, सुंदर कांड पाठ, भंडारा सहित विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान हुए। इस बीच रामलीला मैदान व बजरंपारा क्षेत्र में आस्था व विश्वास के साथ भक्ति व शक्ति का अनूठा संगम देखने को मिला। शहर के हर वर्ग में समाजसेवी मंजूल दीक्षित शहर सहित प्रदेश व देश की सुख समृद्धि के लिए कड़ा संकल्प लिया था, जिसे उन्होंने हनुमान जन्मोत्सव पर पूरा किया। उन्होंने माँ दुर्गा मंदिर रामलीला मैदान से लेकर संकटमोचन हनुमान मंदिर, बजरंग पारा तक कर नापते हुए मार्ग तय किया। चिलचिलाती धूप और कठिन डगर की परवाह किए बिना उन्होंने पूरे भक्ति भाव के साथ अपना यह संकल्प पूरा किया और हनुमानजी के दरबार तक अपनी हाजिरी लगाई। इस दौरान पूरा रास्ता बजरंग बली के जयकारे से गूंज रहा था। संकटमोचन मंदिर पहुँचने के पश्चात उन्होंने पवनपुत्र श्री हनुमान के चरणों में 27 नारियल अर्पित किए। मंदिर परिसर में उन्होंने विधि विधान से पूजा अर्चना की और प्रार्थना की कि सभी के जीवन से संकटों का नाश हो और खुशहाली का संचार हो।

## महिला पतंजलि योग समिति में संभाग स्तरीय योग कार्यशाला का आयोजन




**तमनार।** महिला पतंजलि योग समिति रायगढ़ में संभाग स्तरीय एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन 29 मार्च को ओजस योग मंदिर रायगढ़ में सुबह 8 बजे योग अभ्यास एवं यज्ञ हवन से शुरू हुआ। उक्त कार्यक्रम की मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ राज्य प्रभारी जया मिश्रा विशिष्ट अतिथि श्रीमती पूनम सोलंकी, रोहिणी पटनायक एवं राज्य सोशल मीडिया प्रभारीसह राज्य कार्यकारिणी सदस्य गीतांजलि पटनायक राज्य कार्यकारिणी सदस्य श्रेया अग्रवाल जी रहीं। यज्ञ हवन पश्चात सभी ने स्वल्पाहार ग्रहण किया तत्पश्च भारत माता की छायाचित्र पर मुख्य अतिथि के कर कमल द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यशाला के द्वितीय सत्र का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि विशिष्ट अतिथि का पुष्प कुछ एवं माल्यार्पण कर स्वागत अभिनंदन किया गया। तत्पश्चात रायगढ़ जिला प्रभारी गीतांजलि पटनायक के द्वारा रायगढ़ जिला के कार्यकारिणी सदस्यों तहसील प्रभारी एवं विभिन्न योग शिक्षिकाओं का परिचय दिया गया।

